हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 29 जुलाई 2025

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]


तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

## सावन के तीसरे सोमवार पर शिवालयों में हर हर महादेव' की गूंज



**खरोरा ।** भगवान शिव की भक्ति और आराधना को समर्पित पावन मास सावन का आज तीसरा सोमवार है। तीसरे सोमवार ही दिन क्षेत्र के से मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक करने श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे। श्रावण मास का तीसरा सोमवार है मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का ताता लगा हुआ था । बड़ी संख्या में श्रद्धालुओंगण भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करने से मंदिर पहुंचे शिवालयों में हर-हर महादेव के जयकारों से नजर आ रहे हैं । सावन सोमवार पर रवि योग, मौना पंचमी और शोधन योग बन रहे हैं । दुर्लभ संयोग में पूजा अर्चना करने से अपार सुख समृद्धि और सौभाग्य मिलता है ।




2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in


## खबर संक्षेप

### अवैध शराब व चखना सेंटर चलाने वाले 15 आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार ।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में अवैध गतिविधियों में लिप्त आरोपियों, शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा का संचालन करने वाले तथा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस टीम द्वारा 27 जुलाई को सायं क्षेत्र अंतर्गत शराब भट्टी के पास अवैध रूप से चखना सेंटर का संचालन करने वाले, सड़क मार्ग के किनारे स्थित होटल, ढाबा, ठेला आदि में पीने, बैठने की सुविधा उपलब्ध कराकर अवैध रूप से शराब पिलाने वाले तथा सार्वजनिक स्थल पर बैठकर शराब पीने वाले कुल 15 आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही किया गया है। पकड़े गए सभी 15 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत विधिवत कार्यवाही किया गया है।

### दिनदहाड़े चोर ने घर से नगद व गहने किए पार

**पलारी।** सोमवार 28 जुलाई को पलारी नगर पंचायत के वार्ड नं 1 में चोर ने दिन दहाड़े चोरी की घटना को अंजाम दिया जिसमे चोर ने सूनेपन का फायदा उठाकर नगद सहित गहने पार कर दिया। घटना के संबंध में प्रार्थी मंजूलता वर्मा पति अशोक बर्मा 48 साल निवासी वार्ड 01 दतान रोड पलारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई की 28 जुलाई को सुबह 10 बजे आंगनबाडी गई थी मेरी लडकी दिपांजली वर्मा एवं मेरे पति अशोक वर्मा दोपहर 12/30 बजे घर से ताला लगाकर निकले थे, दोपहर 02/30 बजे मेरे लडका और लडकी कांलेज से आया तो देखा घर के मुख्य चाइनल गेट का ताला टूटा हुआ था एवं कमरे में रखे लोहे के आलमारी को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा तोडकर अंदर रखे सोने का मंगलसूत्र 1/2 तोला किमती, सोने का 8 नग गेहू दाना 1/2 तोला किमती, सोने का आइरिंग 1/2 तोला किमती एवं नगदी रकम 2000 रूपये एवं आधार कार्ड, पेन कार्ड, आयुषनान कार्ड, लाईसेंस, खेत की पर्ची, बैंक पासबूक कुल किमती करीबन 65000 रूपये अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर ले गया है। पुलिस मामला दर्ज कर तफ्तीश में जुट गई है।



## पर्व : तीसरे सावन सोमवार पर सिद्धेश्वर मंदिर में भव्य महाआरती

# भक्ति में डूबे श्रद्धालु, की पूजा-अर्चना, लिया दर्शनलाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार/पलारी

सावन माह के पवित्र तीसरे सोमवार पर पलारी स्थित प्राचीन सिद्धेश्वर शिव मंदिर में भव्य जलाभिषेक एवं महाआरती का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के अद्भुत वातावरण में संपन्न हुआ। सिद्धेश्वर युवा मंच द्वारा आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए और पुण्य लाभ अर्जित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह भगवान शिव के जलाभिषेक के साथ हुई। पुजारियों और पंडितों द्वारा वेद-मंत्रों के उच्चारण के बीच महाआरती संपन्न हुई। मंदिर परिसर हर हर महादेव के गगनभेदी नारों से गूंज उठा। वातावरण में फैली घंटियों और शंख की ध्वनि ने माहौल को और अधिक आध्यात्मिक बना दिया। महाआरती का दृश्य बिल्कुल काशी की गंगा आरती जैसी भव्यता और आस्था से परिपूर्ण रहा।

**विशिष्ट अतिथियों की मौजूदगी और सजावट का आकर्षण :** इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कसडोल विधायक संदीप साहू तथा पूर्व गौ सेवा आयोग अध्यक्ष महंत राम, सुंदर दास उपस्थित रहे। आयोजन स्थल बालसमुंद तालाब के तट पर विशेष सजावट और रंग-बिरंगी रोशनी ने इस धार्मिक उत्सव को और आकर्षक बना दिया। श्रद्धालुओं ने तालाब किनारे खड़े होकर महाआरती के अद्भुत दृश्य का आनंद लिया।

**दूसरे वर्ष का सफल आयोजन, युवाओं की बड़ी भूमिका :** यह महाआरती कार्यक्रम का दूसरा वर्ष रहा, जिसमें स्थानीय श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन को सफल बनाने में सिद्धेश्वर युवा मंच के संरक्षक हितेंद्र ठाकुर, नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू, उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, शेर खान, मनीष चंद्राकर सहित अन्य युवा साथियों का विशेष योगदान रहा।



## शिव दर्शन के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए महामंडलेश्वर



**पलारी।** तृतीय श्रावणी सोमवार को महामंडलेश्वर राजेश्री महंत रामसुन्दर दास जी महाराज का शिव दर्शन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उन्होंने जिला महासमुंद एवं बलौदाबाजार भाटापारा के अनेक स्थानों पर विराजित भगवान भोलेनाथ के विभिन्न स्वरूपों का दर्शन पूजन कर लोक कल्याण की कामनाएं की। राजेश्री महंत जी महाराज ने 28 जुलाई को सिरपुर, जिला महासमुंद पहुंचकर गंधेश्वर नाथ महादेव, जिला बलौदाबाजार भाटापारा के पलारी अंचल में भूतेश्वर नाथ महादेव अमेठी, सिद्धेश्वर नाथ महादेव पलारी, देवेश्वर नाथ महादेव देवसुंदरा तथा सिद्धेश्वर नाथ महादेव ग्राम जारा में दर्शन पूजन व भगवान भोलेनाथ का दुग्धाभिषेक, जलाभिषेक कर लोक कल्याण की कामनाएं की। उन्होंने श्री रामचरितमानस में भगवान श्री रामचंद्र जी के द्वारा नारद मुनि को दिए गए उपदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि- जपहु जाइ शंकर सत नामा। होइहि तुरंत हृदय विश्रामा ।। अर्थात मनुष्य के जीवन में जब भी कोई कष्ट आ जाए तो उन्हें भगवान शिव के पंचाक्षरी मंत्र 'ओम नमः शिवाय' का जाप करना चाहिए इससे हृदय में तुरंत ही शांति मिलती है। हमें शास्त्रों में बताए हुए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। ये हुए शामिल अलग-अलग स्थान में राजेश्री महंत जी महाराज के साथ भूषण ठेठवार, मनीष चंद्राकर, पिंटू वर्मा, राधेश्याम वर्मा, सुमित तिवारी, लाला वर्मा, प्रेमदास, यमलोक साहू, इंद्र कुमार, शिवम मिश्रा, कोमल दास वैष्णव, शंकर मंदिर समिति के सभी सदस्यगण, रामतीरथ दास, सहदेव यादव, चंद्रिका मिश्रा, प्रवीण धुरंधर, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, राजीव त्रिपाठी सहित अनेक गणमान्य नागरिकगण सम्मिलित हुए।

## सुख-समृद्धि की कामना के साथ 700 से अधिक भक्त हुए शामिल गांवों में हुआ भव्य स्वागत

**भाटापारा।** उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने सावन माह के तृतीय सोमवार को मावली माता मंदिर, सिंगारपुर में माँ मावली देवी और महादेव जी की पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि की कामना की और सिंगारपुर से धूमनाथ महादेव मंदिर, रामपुर तक कांवड़ यात्रा के लिए प्रस्थान किया। शिवरतन शर्मा के साथ लगभग 700 से अधिक भाटापारा क्षेत्र से पधारे कांवड़ यात्रियों, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, भाजपा महिला मोर्चा, युवा मोर्चा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं श्रद्धालुओं ने मावली मंदिर में पूजा-अर्चना की और उनकी यात्रा के लिए शुभकामनाएं प्रेषित किया।
इस दौरान सभी कांवड़ यात्री शिवरतन शर्मा के साथ उनकी इस यात्रा में सहभागी बनें हैं। सभी ने बड़े ही उत्साह और उर्जा के साथ बोल बम और हर हर महादेव के नारे के साथ यात्रा की शुरुआत करते हुए, प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली के संकल्प के साथ यात्रा की। यह यात्रा सिंगारपुर, सेम्हराडीह, निपनिया, भोथीडीह, खपरी, सिलवा,पथरिया, पासीद होकर रामपुर पहुंची.. जहा मार्ग पर ग्रामवासीयों ने यात्रा का पुष्प वर्षा एवं पूजा पाठ कर स्वागत किया। इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने कहा कि हमारे प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली के संकल्प यात्रा में सहभागी बनें सभी कांवड़ यात्रियों, भक्तजनों और विधानसभा के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का मैं आभार व्यक्त करता हूँ। इस यात्रा में शामिल सभी का उत्साह एवं भगवान भोलेनाथ के प्रति आस्था और विश्वास एक नई उर्जा देने वाला है। कांवड़ यात्रा केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि आस्था, अनुशासन, पर्यावरण प्रेम और हमारी संस्कृति से जुड़ी एक महत्वपूर्ण रीति भी है। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि ▸▸ शेष पेज 13 पर



## मामूली विवाद पर तलवार से हमला, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

■ पानी पाउच को लेकर हुआ था विवाद, जानलेवा हमले में युवक घायल

नगर में देर रात्रि तलवार से हमलाकर लहूलुहान करने का मामला सामने आया था जिसमें पुलिस ने त्वरित कार्रवाई किया है, आपको बता दे कि प्रार्थी पुरुषोत्तम सोनी निवासी वार्ड क्रमांक 12 कसडोल द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि बीते रात्रि बजरंग चौक के पास पीने के लिए पानी पाउच मांगने की बात को लेकर आरोपी प्रीतम साहू से विवाद हुआ था।

जिस पर रविवार की रात्रि करीबन 8:40 बजे समलाई माता मंदिर के पास आरोपी प्रीतम साहू फिर आया एवं प्रार्थी के साथ खड़े टिकेश्वर दास को धक्का दिया तथा प्रार्थी के भाई के सांथ मारपीट करने लगा, जिसे प्रार्थी द्वारा पकड़ने की कोशिश करने पर आरोपी द्वारा अपने घर से लोहे का धारदार तलवार लेकर दौड़ते हुए आया एवं प्रार्थी को जान से मारने की धमकी देकर उसे पर वार कर दिया, जिससे प्रार्थी के बाएं हाथ की भुजा एवं हथेली में चोंट आया है।



### पूछताछ में आरोपी ने स्वीकारा अपराध

प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना कसडोल पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी प्रीतम साहू को हिरासत में लिया गया तथा उससे एक लोहे का धारदार तलवार जप्त किया गया। आरोपी से विस्तृत पूछताछ करने पर उसके द्वारा प्रार्थी एवं उसके भाई के साथ पुरानी बात को लेकर वाद विवाद करते हुए उस पर लोहे की तलवार से वार करना स्वीकार किया गया।

## बैरिकेड से टकराई बाइक, एक की मौत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ सकरी बाईपास पर भीषण हादसा, दशगात्र से लौट रहे थे मृतक और घायल

नगर के सकरी बाईपास में रविवार देर रात रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार बाइक स्टॉपर से टकरा गई, जिससे गिधपुरी थाना क्षेत्र के ग्राम हरीनभट्ठा निवासी लखनलाल सोनवानी 55 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में बाइक पर सवार सिर्रीकला जिला महासमुंद निवासी युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल सिटी कोतवाली के आरक्षक कामदेव गायकवाड़ ने जिला अस्पताल पहुंचाया। बताया जा रहा है कि मृतक और घायल ग्राम झोंका में दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे। तेज रफ्तार और अंधेरे में डूबे स्टॉपर ने यह बड़ा हादसा कर दिया।







### स्थानीय लोगों में आक्रोश

हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने आक्रोश जताया। उन्होंने 108 एंबुलेंस के समय पर नहीं पहुंचने की शिकायत की। लोगों का कहना है कि जिस स्थान पर यह हादसा हुआ, वह पूरी तरह अंधेरे में डूबा रहता है और पहले भी यहां कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि इस स्थान पर उचित प्रकाश व्यवस्था की जाए, ताकि आगे ऐसे हादसों को रोका जा सके।

## राजस्व मंत्री ने 3 करोड़ के विकास कार्यों की दी सौगात

# कामयाबी का एक ही एक रास्ता है कड़ी में मेहनत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राजस्व, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा सोमवार को शासकीय मिनीमाता कन्यामहाविद्यालय बलौदाबाजार में नवप्रवेशी छात्राओं के दीक्षारम्भ समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने महाविद्यालय को 3.25 करोड़ रूपए से अधिक की सौगात दी जिसमें 52.70 लाख रूपए की लागत से अतिरिक्त कक्ष निर्माण का लोकार्पण एवं 272.81 लाख रूपए की लागत से बनने वाले छात्रावास भवन का शिलान्यास एवं भूमिपूजन शामिल है। इसके साथ ही छात्राओं की मांग पर एक हजार सीटों की



क्षमता वाले कान्फ्रेंस हॉल, 2 स्मार्ट क्लास और महाविद्यालय परिसर में हाई मास्क लाइट की स्थापना करने की भी घोषणा की।

मंत्री श्री वर्मा ने नवप्रवेशी छात्राओं को रक्षासूत्र बांधकर उनका स्वागत किया। उन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि छात्र जीवन में दृढ़ संकल्प और मेहनत से आपका भविष्य उज्जवल बनेगा। उन्होंने कहा इतिहास में उन्ही लोगों का नाम दर्ज किया जाता है जो कड़ा संघर्ष कर सफलता हासिल करते है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि छात्राओं को उच्च शिक्षा हेतु प्रेरित करना छत्तीसगढ़ सरकार का ध्येय है। हमारी मंशा है कि हमारी बेटियां खूब पढ़े और खूब आगे बढ़े। उन्होंने कहा इस महाविद्यालय की छात्राओं की सुविधा और बेहतरी के लिए सारे जरूरी कदम उठाएं जायेंगे। उन्होंने छात्राओं से अपील करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ खेलकूद में भी अपना और जिले का नाम रोशन करें। प्राचार्य ▸▸ शेष पेज 13 पर


बालाजी प्रा. आई.टी.आई
ITI ▸ BHATAPARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
सिद्ध बाबा रोड (रेलवे गेट के पास) भाटापारा
89595-93918 • 98261-76302

## खबर संक्षेप



### कोमाखान में किया गया पौधरोपण

**नर्रा।** एक पेड़ मां के नाम के तहत रेल्वे स्टेशन रोड कोमाखान में पौधरोपण का कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर स्थानीय सरपंच जँवा बाई ठाकुर रही। वही विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला सहकारी केंन्द्रीय बैंक शाखा कोमाखान के पर्यवेक्षक हिमांशु जयसवाल, समिति प्रबंधक कोमाखान रूपेश सिन्हा, समिति प्रबंधक बकमा राजेन्द्र साहू, समिति प्रबंधक देवरी भेखराम यादव समेत पंचायत के प्रतिनिधि पंच मनोज चौधरी, नाजरा बेगम, शंकुतला बघेल आदि ने संयुक्त रूप से छायादार पौधों का रोपण किया गया।

### प्रयास विद्यालय के लिए दो का चयन

**नर्रा।** बागबाहरा विखं के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दाबपाली के छात्रा धारनी दीवान एवं तनुजा ध्रुव का चयन प्रयास विद्यालय के लिए हुआ है। शाला विकास समिति अध्यक्ष गेशकुमार पटेल, प्रधान पाठक शंकरलाल दीवान, शिक्षक अमित मार्टीन, रंजीत कौर छाबड़ा शिक्षिका, ललित पटेल शिक्षक, कुलेश दीवान शिक्षिका, भुनेश्वर नायक शिक्षक, सौरभ सिंह समेत पालकों में हर्ष व्याप्त है।

### महादेव को बेल पत्र से सजाकर की पूजा अर्चना



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में तृतीय सावन सोमवार को ओंकारेश्वर महादेव को बेल पत्र से सजाकर पूजा अर्चना की गई। मोनिका चन्द्राकर, गायत्री चन्द्राकर, ममता चन्द्राकर, शिवकुमारी चन्द्राकर, ममता चन्द्राकर ने बताया कि सावन महीना का सोमवार का दिन भगवान महादेव में बेल पत्र और एक लोटा जल चढ़ाने से विशेष लाभ मिलता है, क्योंकि सावन का महीना भगवान महादेव को समर्पित माना गया है। बेल पत्र के तीन पत्ते ब्रह्मा, विष्णु और महेश के प्रतीक माने जाते हैं। इसे शिवलिंग पर चढ़ाना त्रिदेवों की आराधना के समान फलदायक होता है। माना जाता है कि बेल पत्र चढ़ाने से मानसिक शांति मिलती है। जीवन में संतुलन आता है और नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है।

### महाविद्यालय में शेष रिक्त सीटों में प्रवेश प्रक्रियाधीन

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य करुणा दुबे के मार्गदर्शन में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। प्रवेश प्रभारी डॉ. रीता पांडेय ने बताया कि महाविद्यालय में सत्र 2025- 26 में उच्च शिक्षा विभाग के प्रवेश मार्गदर्शिका अनुसार प्रवेश प्रक्रिया जारी है। 25 जुलाई तक महाविद्यालय के स्नातक एवं स्नातकोत्तर कुल 2040 सीटों के विरुद्ध लगभग 1329 विद्यार्थियों ने प्रवेश ले लिया है। 711 सीट प्रवेश के लिए रिक्त है।

### आबकारी भर्ती परीक्षा के लिए छात्राओं के बाली, दुपट्टे स्कार्फ उतरवाना शर्मनाक

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश झाबक ने व्यापम द्वारा 27 जुलाई को आयोजित आबकारी भर्ती परीक्षा में महिला अभ्यार्थियों से कान की बाली, दुपट्टा, स्कार्फ, टी शर्ट और काले कपड़े उतरवाने पर इस शर्मनाक हरकत का घोर विरोध किया है। उनका कहना है कि छात्राओं से इस तरह का व्यवहार दुर्भाग्यजनक है। एक तो सरकार युवाओं को नौकरी नहीं दे पा रही है और किसी तरह भर्ती निकली और हजारों बेरोजगार युवाओं द्वारा तैयारी करने के बाद शासन की अनियमितता के कारण हजारों अभ्यर्थी परीक्षा देने से वंचित रह जाना साय सरकार का कुशासन दर्शाता है।

**पर्व : महाकाल परिवार और ग्रामवासियों ने मिलकर कराया भव्य आयोजन**

# दानेश्वर महादेव मंदिर में सावन की धूम, भक्ति और आस्था से सराबोर रहा तीसरा सावन सोमवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

मोहरा गांव स्थित प्राचीन दानेश्वर महादेव मंदिर में सावन मास के तीसरे सोमवार के अवसर पर भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाकाल परिवार एवं ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में बड़े श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। शिव भक्तों ने सुबह से ही मंदिर में पहुंचकर भगवान शिव का रुद्राभिषेक, जलाभिषेक एवं पूजन-अर्चन किया।

विधिवत मंत्रोच्चार के साथ पूजन कर महादेव का श्रृंगार किया गया और प्रसाद स्वरूप खीर-पूड़ी का वितरण श्रद्धालुओं के बीच किया गया। पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक तरीके से सजाया गया था। श्रद्धालुओं ने घंटा-घड़ियाल बजाकर 'हर हर महादेव' के जयघोषों के साथ वातावरण को भक्तिमय बना दिया। बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, युवा वर्ग, महिलाएं और बच्चे पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए। पूजा के पश्चात सभी श्रद्धालुओं को खीर-पूड़ी का महाप्रसाद वितरित किया गया, जिसे सभी ने बड़े श्रद्धा भाव से ग्रहण किया। मंदिर प्रांगण में जस गीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय कलाकारों ने भक्ति रस में सराबोर भजन प्रस्तुत किए। 'जय जय शिव शंकर', 'भोले बाबा के दरबार में' जैसे भजनों पर श्रोतागण झूम उठे। इस दौरान उपस्थित भक्तों ने दीप जलाकर शिव आरती में भाग लिया।

**भक्ति रस में रमा मोहरा** :जस गीत कार्यक्रम ने वातावरण को पूरी तरह भक्ति रस में रंग दिया। महाकाल परिवार के सदस्यों एवं ग्रामवासियों के सामूहिक प्रयास से यह आयोजन पूरी सफलता के साथ संपन्न हुआ। आयोजन की व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रही, जिसमें युवाओं की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में महादेव की सवारी सजाई गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने पूजा कर मंगल कामनाएं कीं। पूरे दिन का आयोजन भक्तिभाव, आस्था और संस्कृति की एक अद्भुत मिसाल बना रहा। इस आयोजन ने ग्रामवासियों के बीच समर्पण और सहयोग की भावना को और अधिक मजबूत किया।



### कांवड़ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

**खरोरा ।** श्रावण मास के तृतीय सोमवार को ग्राम भरुवाडीह कला में धार्मिक उल्लास और भक्ति भाव के साथ कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। ग्राम की बोल बम समिति द्वारा आयोजित इस पावन यात्रा में कांवड़ उठाकर श्रद्धालु लखना (सिमगा) स्थित सोमनाथ मंदिर के लिए रवाना हुए। इस भक्ति यात्रा में मोहन साहू, विनोद विश्वकर्मा, नरेश साहू, राजू निषाद, सुरेश निषाद, मनीष साहू, ओमप्रकाश ध्रुव, कोमेंद्र यादव, मनीष यादव सहित अनेक श्रद्धालु सम्मिलित हुए। यात्रा के शुभारंभ से पूर्व ग्रामवासी एवं शिक्षक धीरेंद्र कुमार वर्मा, गजेंद्र साहू, योगेश निषाद, पूनउ साहू सहित अनेक ग्रामवासियों ने श्रद्धालुओं का पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया। कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में झूमते, हर-हर महादेव व बोल बम के जयघोष करते हुए आगे बढ़े। सभी कांवरियों ने भगवान शिव को जलाभिषेक अर्पित कर गांव एवं अपने परिवार की सुख-शांति, समृद्धि और कल्याण की कामना की। यह आयोजन ग्राम भरुवाडीह कला में आस्था, एकता और सामूहिक सहभागिता का प्रतीक बनकर उभरा, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति और श्रद्धा का माहौल निर्मित हो गया।



## सावन में लक्ष्मणेश्वर महादेव मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**भटगांव ।** देश भर के शिव मंदिर में भक्तो के लिए सावन माह में भीड़ भरी रहती है, इनमें से एक शिव मंदिर जांजगीर चाम्पा जिले के नगर पंचायत खरौद में है जो त्रेतायुग की निशानी है। देखा जाए तो अमरनाथ से लेकर 12 ज्योतिर्लिंग सहित अन्य शिव मंदिर भी धार्मिक पर्यटन क्षेत्र है।

लक्ष्मणेश्वर महादेव मंदिर, जो की शिवरीनारायण से 3 किलोमीटर और छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से 120 किलोमीटर, बिलासपुर से 60 किलोमीटर दूर खरौद नगर में स्थित है। कहते हैं की भगवान राम ने यहां पर खर व दूषण का वध किया था इसलिए इस जगह का नाम खरौद पड़ा। खरौद नगर में प्राचीन कालीन अनेक मंदिरों की उपस्थिति के कारण इसे छत्तीसगढ़ की काशी भी कहा जाता है। मंदिर स्थापना से जुडी किवदंती-लक्ष्मणेश्वर महादेव मंदिर की स्थापना से जुडी एक किवदंती प्रचलित है जिसके अनुसार भगवान राम ने खर और दूषण के वध के पश्चात, भ्राता लक्ष्मण के कहने पर इस मंदिर की स्थापना की थी। गर्भगृह में है लक्षलिंग-लक्ष्मणेश्वर महादेव मंदिर के गर्भगृह में एक शिवलिंग है



### शिवलिंग में हैं एक लाख छिद्र

इस शिवलिंग में एक लाख छिद्र हैं इसलिए इसे लक्षलिंग कहा जाता है। इन लाख छिद्रों में से एक छिद्र ऐसा है जो की पातालगामी है क्योकि उसमे कितना भी जल डालो वो सब उसमे समा जाता है जबकि एक छिद्र अक्षय कुण्ड है क्योकि उसमे जल हमेशा भरा ही रहता है। लक्षलिंग पर चढ़ाया जल मंदिर के पीछे स्थित कुण्ड में चले जाने की भी मान्यता है, क्योंकि कुण्ड कभी सूखता नहीं। लक्षलिंग जमीन से करीब 30 फीट उपर है और इसे स्वयंभू लिंग भी माना जाता है।

### देवरतिल्दा से निकली कांवड़ यात्रा

**खरोरा ।** ग्राम पंचायत देवरतिल्दा के बोल बम कावरिया संघ की टीम सोमवार को महादेव शिव भोले बाबा के दर्शन करने के लिए रवाना हुए जिस प्रकार यात्रा प्रारंभ, रायपुर हटकेश्वर महादेव वहा से दंतेश्वरी मंदिर, केशकाल, चित्रकूट, टाटा मारी, तीर्थगढ़ जलप्रपात, चित्रकूट, धमतरी, दुद्धी घाट, के लिए प्रस्थान करेगा ।



## उज्जैन की तर्ज पर निकली बाबा महाकाल की पालकी यात्रा



**भाटापारा।** सावन का तृतीय सोमवार श्री बाबा महाकाल की निकली पालकी। अपरान्ह 4 बजे मंदिर प्रांगण से निकलने के बाद पालकी यात्रा नगर के अहम हिस्से का भ्रमण करते हुए वापस मंदिर प्रांगण पहुंची। श्री महाकाल मंदिर पालिका प्रांगण में सावन के महीने पर विशेष पूजा-अर्चना की जा रही है। नित नए श्रृंगार और स्वरूप का दर्शन, भक्त कर रहे हैं। नया स्वरूप भक्तों को खूब भा रहा है।

सावन के तृतीय सोमवार के उपलक्ष्य में उज्जैन के तर्ज पर बाबा के पालकी का आवाहन एस.डी.ओ.पी भाटापारा तारेस साहू एवं यात्रायात निरीक्षक नरेश कांगे द्वारा किया गया नित नए श्रृंगार मंदिर के सेवक अमन ध्रुव द्वारा किया जाता है अब इसे विस्तार दिया जा रहा है।

सावन का तृतीय सोमवार पर श्री महाकाल मंदिर में प्रातः विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर को स्मरणीय बनाने के लिए मंदिर समिति द्वारा विशेष व्यवस्था की गई है। साथ ही प्रसादी का वितरण किया गया अपरान्ह 4 बजे श्री महाकाल की पालकी यात्रा निकली। पालकी पूर्व में निकले गये निर्धारित मार्गो से होते हुए महाकाल मंदिर पहुंची जहां पूजा अर्चना के बाद बाबा का सांयकाल श्रृंगार किया गया।।



### भोलेनाथ को रिझाने चले श्रद्धालु

**रिसदा ।** पवित्र सावन माह के तीसरे सोमवार को ग्राम सोनपुरी स्थित बाबा भूतेश्वर नाथ की मंदिर में ग्राम रिसदा की महिलाएं, युवतियां एवं बच्चों द्वारा कावड़ में जल लेकर बोल बम एवं भगवान शंकर की जयकारा लगाते हुए जल चढ़ाने गए।

## खरोरा में सजा राखी का बाजार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

नगर में राखी का बाजार सज धजकर तैयार है। राखी दुकानों में ग्राहकी शुरू हो गई है। इस ऐतिहासिक रियासत में रक्षाबंधन की धूम कुछ अधिक ही रहा करती है और न केवल शहरी लोगों को बल्कि ग्रामीणों को भी इस त्यौहार की बड़ी शिद्दत से प्रतीक्षा रहती है। 9 अगस्त को रक्षाबंधन इस वर्ष भी राखी का मार्केट अच्छा ही है। विभिन्न डिजाइनों की राखियों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता खूब कमा रहे है। इस वर्ष दिल्ली और आगरा के अलावा मुंबई से भी भारी मात्रा में राखियों के पैकेट आए है। यह बात अवश्य है इस वर्ष रक्षा सूत्रों के दाम बहुत अधिक बढ़ गए हैं। फिर भी बाजार में उपभोक्तओं की कमी नहीं है। विशेष ग्राहक ग्रामीण क्षेत्र से आने वाली बहने है जो केवल बाजार के दिनों में ही आ पाती हैं। इसलिए अगस्त रविवार का बाजार उनके लिए अंतिम महत्वपूर्ण राखी त्यौहार बाजार। राखी का मेन मार्केट शहर के मध्य पुराना बस स्टैंड में लगा हुआ है जहां दिन में भी बिजली के बल्बों का उजाला करते हुए ग्राहकों को राखी की चमक दिखाई जाती है। कीमतें बढ़ जाने पर भी ग्राहकों का उत्साह कम नहीं होना महत्वपूर्ण बात है।

## हिरमी सरपंच पर गंभीर अनियमितताओं के आरोप, पंचायत फंड से हुआ है लाखों का गबन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




सिमगा विकासखंड के ग्राम पंचायत हिरमी के सरपंच पुनऊ राम भारती पर गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगे हैं। पंचायत फंड के दुरुपयोग, विकास कार्यों में गड़बड़ी और बिना प्रस्ताव स्वीकृति के भुगतान जैसी शिकायतों के बाद जनपद पंचायत सिमगा द्वारा जांच कराई गई। जांच प्रतिवेदन में सामने आया कि बाजार ठेका नीलामी की प्रक्रिया शासन के दिशा-निर्देशों के विपरीत की गई।

नीलामी की सूचना निर्धारित समय सीमा से कम अवधि में और अपर्याप्त प्रचार-प्रसार के साथ जारी की गई, जिससे पारदर्शिता प्रभावित हुई। साथ ही नीलामी से प्राप्त 1 लाख 76 हजार 600 रुपये पंचायत खाते में जमा नहीं कराए गए। इसे शासन की निधि मानते हुए सरपंच से राशि वसूली कर पंचायत खाते में जमा कराने की सिफारिश की गई है। जांच में यह भी पाया गया कि पंचायत ने पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 80 और लेखा संहिता के नियमों का उल्लंघन करते हुए बिना सक्षम स्वीकृति के नीलामी की। मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिमगा ने इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी को कार्यवाही हेतु अनुशंसा भेजी है। गौरतलब है कि उपसरपंच और स्थानीय युवकों ने पहले भी धारा 40 के अंतर्गत शिकायत दर्ज कर निष्पक्ष जांच की मांग की थी। अब मामला न्यायालय में विचाराधीन है, जिस पर अंतिम निर्णय आने तक ग्रामीणों ने जिलाधीश से सरपंच को निलंबित करने की मांग की है।

**आगे कार्यवाही एसडीएम द्वारा**

जांच प्रतिवेदन में जो भी तथ्य सामने आए हैं, उन्हें एसडीएम के पास भेजा गया है। आगे की कार्यवाही एसडीएम द्वारा की जाएगी।

- **अमित दुबे**, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत सिमगा

**बहुजन आंदोलन पार्टी ने सौंपा ज्ञापन**

# फिश कंपनी के प्रदूषण से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

- बदबूदार धुआं और राख से जीना मुहाल, 5 अगस्त को धरना प्रदर्शन की चेतावनी

ग्राम बैकोनी स्थित फिश कंपनी के प्रदूषण और बदबू से ग्रामीणों को निजात दिलाने बहुजन आंदोलन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने कलेक्टर के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन। ब्लाक मुख्यालय से छह किलोमीटर दूर ग्राम बैकोनी में एम एम फिश मंडल एक्वाटेक कंपनी स्थित हैं। जहां मछली दाना बनाया जाता है। उक्त फैक्ट्री की चिमनी से प्रतिदिन निकलने वाले काले रंग की प्रदूषित धुंआ एवं मछली दाना के बदबू से ग्रामीण काफी परेशान है। जिसे लेकर बहुजन आंदोलन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली ने आज सोमवार को कलेक्टर बलौदाबाजार के नाम एसडीएम अंशुल वर्मा को ज्ञापन सौंपा है। साथ ही पांच अगस्त को धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। प्रदेश अध्यक्ष अली ने बताया कि इस प्रदूषित धुंआ के कारण ग्राम बैकोनी बनसांकरा, चंदेरी, दुलदुला, हरिनभट्ठा, सिमगा के किसानों के खेतों में धुंआ के कण की परतें खेतों व तलाबों में जमा देखा जा सकता है। उक्त फैक्ट्री में मछली दाना बनाया जाता है। जिसमे बहुत ही दर्गंध बदबू निकलता है जिससे ग्रामीणों व राहगीरों को सांस लेने में बहुत ही परेशानी का सामना करना पड़ता है। जो हवाओं के चलने से गांव तक आती है। वही नेशनल हाइवे में आने जाने वाले लोगों को बदबू के कारण वाहन तेज चलाना पड़ता है जिसके कारण अनेकों बार दुर्घटनाएं घट चुकी है व लोग हादसे के शिकार हों चुके है। काले धुएँ के साथ राख उड़ने से लोगों के आँखों में जलन व चुभन महसूस होती है। जिसकी शिकायत अधिकारियों से अनेकों बार ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि द्वारा की गयी। लेकिन फिश कंपनी के ऊपर किसी भी प्रकार की अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी है। अनेकों बार फैक्ट्री संचालक से भी इस संबंध में बात कर समस्याएं रखी गई किन्तु किसी प्रकार का सुधार नहीं किया गया है।



## पौसरी प्राथमिक शाला में दीवार पत्रिका का अनूठा नवाचार

**सिमगा ।** प्रदेश के शासकीय शालाओं में बच्चों के भीतर छुपे रचनात्मक एवं कलात्मक प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के लिए शिक्षकों के द्वारा नित नए नवाचारी कार्य किए जा रहे है । जिसके माध्यम से वे अपने शालाओं के बच्चों को अपने मार्गदर्शन में दशा और दिशा प्रदान करते हुए अवसर उपलब्ध करा रहे है । इसी क्रम में विकासखंड सिमगा के शासकीय प्राथमिक शाला पौसरी की शिक्षिका भारती वर्मा के द्वारा अपने शाला के बच्चों के भीतर छुपे रचनात्मक अभिव्यक्ति के लिए दीवार पत्रिका का प्रकाशन नियमित रूप से किया जा रहा है।

इस सप्ताह के दीवार पत्रिका में बारिश विषय को केंद्र बिंदु में रखकर शाला के बच्चों ने गीत, कविता, कहानी, लेख व चित्रों का प्रकाशन किया है । दीवार पत्रिका, जिसे भित्ति पत्रिका भी कहा जाता है, यह शाला के छात्रों द्वारा बनाई गई एक हस्तलिखित या मुद्रित पत्रिका है। जो नोटिस बोर्ड या दीवार पर प्रदर्शित की जाती है । यह छात्रों को अपनी रचनात्मकता, जैसे कि लेख, कविताएँ, चित्र, और अन्य कलात्मक कार्यों को प्रदर्शित करने का एक मंच प्रदान करती है ।



**खबर संक्षेप**



## 48 पाव देशी मसाला शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**भाटापारा।** ग्रामीण थाना पुलिस ने अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपी शराब कोचिया को गिरफ्तार किया है। आरोपी जनक राम साहू को ग्राम तरेंगा में 48 पाव देशी मसाला शराब के साथ पकडा। टीआई लखेश केंवट ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण की पुलिस टीम द्वारा ग्राम तरेंगा में घेराबंदी कर अवैध रूप से बिक्री करने के लिए शराब ले जाते हुए 1 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचिया से 4800 कीमत मूल्य का 48 पाव देशी मसाला शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना भाटापारा ग्रामीण में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## मूरा में 70 लोगों ने किया रक्तदान



**बंगोली** । ग्राम पंचायत मुरा में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क अन्य जांच शिविर आयोजित किया गया जिसमे कुल 70 लोगो ने रक्तदान किया । सभी रक्तदाताओं को ग्रामवासी की ओर से हेलमेट, रेनकोट व प्रशस्ती पत्र से सम्मानित किया गया । आशीर्वाद ब्लड ग्रुप मूरा के द्वारा यह रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में टोकेंद्र गायकवाड़ ने कहा कि रक्त दान अनमोल रत्न है। रक्तदान सबसे मूल्यवान उपहार है, जो हम किसी को दे सकते हैं। वह रक्तदान करने से एक या एक से अधिक लोगों की जान बचा जा सकता है। रक्तदान देने वाले की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। रक्तदान शिविर में करीब 70 लोगो ने रक्तदान किया। ये रहे उपस्थित इस अवसर पर सरपंच कँचन टोकेंद्र गायकवाड़, लेखुराम सेन, जनपद सदस्य टोकेंद्र गायकवाड़, पूर्व सरपंच नुतन, सुजीत कोशले, पूर्व उपसरपंच पुष्पा साहू, विश्व भारती, मिनरल पार्टनर, अनूप अग्रवाल, लकेश्वर कोशले, रेशम वर्मा, खूबचंद वर्मा, मंतराम साहू, रिंकू गायकवाड़, पवन आडिल, सतोष साहू, विजय दिवाकर, नन्दकिशोर पाल ,ललित पाल इंडियन आर्मी मुरा, दिलीप नायक,हेमुराम वर्मा एवं सभी ग्रामीण उपस्थित थे ।

**पेज 11 के शेष**

### सुख-समृद्धि की...

सबके जीवन में सुख-समृद्धि का वास हो, हमारा छत्तीसगढ़ निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर हो इसी कामना के साथ और हमारी आने वाली पीढ़ियों को सनातन संस्कृति, हमारी धार्मिक आस्था,परंपरा एवं रीती-रिवाजों से अवगत कराना हमारा उद्देश्य है। इस अवसर पर जिलापंचायत सभापति श्रीकांत जायसवाल, मथुरा यदु, धनीराम साहू, राजेश पटेल, देवक साहू, पवन वर्मा, खुमान वर्मा, सुरेश वर्मा, ठाकुर राम साहू, संकेत अग्रवाल, चेतन वर्मा, संतोष यदु, दिनेश वर्मा, संतोष साहू, कनक मनहरे, लक्ष्मी नारायण शर्मा, टिक्की वर्मा, बृजेश निषाद, सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्त्ता, जनप्रतिनिधिगण एवं क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### संघर्ष ही सफलता...

डॉ. वासु वर्मा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि महाविद्यालय के विकास के लिए जो सौंगाते मिली है वो यहां पढ़ने वाली बालिकाओं के लिए बहुत जरूरी थी। शासन - प्रशासन द्वारा महाविद्यालय की बेहतरी के लिए हर संभव सहयोग किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, जिला अध्यक्ष आनंद यादव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं।

# हिरमी में धूमधाम से मनाई गई डॉ. खूबचंद बघेल की जयंती

**डॉ. बघेल के विचारों पर मंथन, उनके सपनों का छत्तीसगढ़ बनाने का लिया संकल्प**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वप्न द्रष्टा डॉ. खूबचंद बघेल की 125वीं जयंती हर वर्ष की तरह इस इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज ग्राम इकाई हिरमी द्वारा ज्ञानोदय विद्यालय परिसर में बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा डॉ. बघेल के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। दीप प्रज्ज्वलन के साथ राजकीय गीत की गूंज ने कार्यक्रम को गरिमामय प्रारंभ प्रदान किया । इस अवसर पर डॉ. बघेल के जीवनवृत्त, विचारों और सामाजिक आंदोलनों पर आधारित वक्तव्यों ने कार्यक्रम को विचारशील और प्रेरणास्पद स्वरूप दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा डॉ. बघेल के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। दीप प्रज्ज्वलन के साथ राजकीय गीत की गूंज ने कार्यक्रम को गरिमामय प्रारंभ प्रदान किया । इस अवसर पर डॉ. बघेल के जीवनवृत्त, विचारों और सामाजिक आंदोलनों पर आधारित वक्तव्यों ने कार्यक्रम को विचारशील और प्रेरणास्पद स्वरूप दिया।

दिलेश्वर मढरिया ( सचिव ) ने बताया कार्यक्रम का समापन डॉ. बघेल के सपनों के छत्तीसगढ़ के निर्माण हेतु सामूहिक संकल्प के साथ हुआ। आयोजकों ने यह विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में इस परंपरा को और भव्यता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा । साथ ही नवीन महिला / पुरूष पदाधिकारियों के चुनाव संबंधी चर्चा की गई जिसमें निम्नांकित व्यक्तियों का चुनाव किया ।

### ये रहे उपस्थित

खोडसराम कश्यप सुनीता वर्मा , विशिष्ट अतिथि नरेन्द्र कश्यप, धर्मेन्द्र सरसीहा , डॉ मोहन लाल वर्मा हरिराम वर्मा ठाकुर राम वर्मा, रामखिलावन वर्मा थे ।




### महिला वर्ग संरक्षक

गायत्री वर्मा, मधु वर्मा, निरूपा वर्मा, अंगिता वर्मा अध्यक्ष शैल वर्मा, उपाध्यक्ष अन्नू वर्मा कोषाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, सचिव कामिनी वर्मा, सहसचिव श्रध्दा वर्मा सर्वसम्मति से मनोनीत किया ।

### पुरुष वर्ग में संरक्षक

डॉ. मोहन लाल वर्मा, गजेन्द्र वर्मा, पीलूराम वर्मा, दौलेश्वर वर्मा, ग्राम प्रमुख तुलसीराम वर्मा, अध्यक्ष रामप्रसाद वर्मा, उपाध्यक्ष अरूण वर्मा, सचिव दिलेश्वर मढरिया कोषाध्यक्ष, संजय धुरंधर, युवाध्यक्ष भानूप्रताप वर्मा कार्यवाहक गनपत लाल वर्मा को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया ।

**सरकारी जमीन पर कब्जे और दूषित पानी फैलाने का आरोप**

# तारक्षु रिसोर्ट पर ग्रामीणों का हल्ला बोल, विधायक पहुंचे धरने पर, अतिक्रमण और गंदगी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल



विकासखंड के ग्राम खैरा ब अंतर्गत बरबसपुर मे स्थित तारक्षु रिसोर्ट के खिलाफ ग्रामीण सोमवार की सुबह से धरना पर बैठे थे साथ मे कसडोल विधायक संदीप साहु भी धरना स्थल पहुंचे और रिसोर्ट के खिलाफ शांति पूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही ग्रामीणों ने अपना समस्या विधायक को बताया इस दौरान धरना स्थल पर कसडोल पूलिस राजस्व विभाग और वन अमला मौजूद थे।

ग्रामीणों ने तारक्षु रिसोर्ट के खिलाफ आरोप लगाते हुए कहाँ की रिसोर्ट द्वारा ग्रामीणों के सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर रहे हैं, प्रस्तावित मुक्ति धाम के जमीन पर फेसिंग तार लगाने के लिए पोल डाल रहे है घेरा कब्जा किया जा रहा हें साथ ही 4 मीटर सड़क के लिए दिया गया वहां 16 मीटर कर दिया है एक दरवाजा बनाना था मगर यहां जमीन क करने के नियत से 3 दरवाजा बनाया है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि तारक्षु रिसोर्ट के द्वारा 3 से 4 एकड़ को कब्जा किया हुआ है।तारक्षु रिसोर्ट सरकार के कायदे कानून पर नहीं बल्कि अपनी नियम कानून से ग्रामीणों को डरा धमका निर्माण करा दिया गया हैं इससे पुरे गांव परेशान है।

वही मौके पर पहुंचे विधायक संदीप साहू ने कहा आपके बीच कसडोल एसडीएम रामरतन दुबे मौजूद है जिनको जो भी परेशानी हो रही है इनको बताओ इसके बाद ग्रामीणों ने अपनी समस्या एसडीएम के पास रखा जिसमें एसडीएम ने कहा कि ग्राम पंचायत सरपंच के पास अधिकार है सरपंच भेजा कब्जा को हटाने में सक्षम है ग्रामीणों के बिना परमिशन के यहां कोई भी अपना अधिकार क्षेत्र से कोई काम नहीं कर सकता। इसके बाद पूरे जगह का विधायक और एसडीएम ग्रामीणों के साथ निरीक्षण किया साथ ही गांव के प्रतिनिधियों को एसडीएम ने कार्यालय बुलाया। इसके बाद धरना समाप्त हुआ।



### नियमानुसार होगी कार्रवाई

ग्रामीणों ने लगभग 15 दिन पूर्व एक सूचना दी थी, मेरे द्वारा तहसीलदार की टीम से जांच कराई गई और पानी का जो समस्या था अंदर उन्होंने रिसाइकल करना शुरू कर दिया है। कुछ बिंदु उन्होंने पूरा नहीं किया था उस पर प्रकरण दर्ज करके हमने उसको नोटिस दिया है, ग्रामीणों ने हमको बताया है पूरा दस्तावेज के साथ बुलाया हूं। नियमानुसार कार्रवाई होगी।

**-रामरतन दुबे**, एसडीएम, कसडोल

# सिमगा लूटकांड का फरार दूसरा आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी बलराम यादव द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि 19 जुलाई की दोपहर 3:30 बजे प्रार्थी अपने दोस्त के साथ ग्राम पौंसरी जाते हुए तिल्दा रोड सिमगा में गैस गोदाम के पास रुका था तभी आरोपी राहुल पंजवानी और सत्यनारायण पटवा उर्फ नानचून वहां पर आये एवं बटनदार चाकू निकालकर प्रार्थी को जान से मारने की धमकी देते हुए एवं डरा धमका कर प्रार्थी से 2500 लूटकर फरार हो गये। जिस पर थाना सिमगा में अपराध दर्ज कर धारा 309(4) बीएनएस एवं 25,27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण में पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए दिनांक 20 जुलाई को एक आरोपी राहुल पंजवानी को गिरफ्तार कर आरोपी से घटना में प्रयुक्त एक बटनदार चाकू तथा लूटे गए रकम में से 1500 बरामद किया गया था। किन्तु प्रकरण में शामिल एक अन्य आरोपी फरार हो गया था। फरार आरोपी की पतासाजी करते हुए एक अन्य आरोपी सत्यनारायण पटवा उर्फ नानचुन उम्र 24 साल निवासी वार्ड क्रमांक (3) नेवरा थाना जिला रायपुर को हिरासत में लिया गया जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपने साथी राजकुमार पंजवानी के साथ मिलकर गैस गोदाम के पास सिमगा में चाकू दिखाकर प्रार्थी से लूट की घटना करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में आरोपी से घटना में प्रयुक्त एक इगनिटर मोटरसाइकिल सीजी 04 एच के 7938 जप्त किया गया है तथा आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया ।

- मोटरसाइकिल जब्त, पुलिस को मिली बड़ी सफलता
- गैस गोदाम के पास चाकू दिखाकर की थी 2500 की लूट, 1500 पहले ही हो चुके बरामद

# कलेक्टर ने की उर्वरक भण्डारण और वितरण की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार क़ो क़ृषि,सहकारिता, विपणन सहित अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में खाद की उपलब्धता की समीक्षा की। उन्होंने समितियों में मांग अनुसार उर्वकर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि विकासखंडवाऱ उर्वरक का लक्ष्य, भण्डारण एवं वितरण की रिपोर्ट तैयार करें और हर सप्ताह समितियों में मांग और वितरण की समीक्षा करें। उन्होंने किसानों क़ो गुणवत्तायुक्त खाद उपलब्ध हो इसके लिए समितियों एवं क़ृषि सेवा केंद्रों का सतत निगरानी के निर्देश दिये।

बताया गया कि सहकारी समितियों में यूरिया 23495 मीट्रिक टन, डीएपी 7718 में. टन,एमओपी 2652 मीट्रिक टन, एसएसपी 6853 एवं एनपीके 7200 मीट्रिक टन कुल 47918 मेट्रिक टन उर्वरक का भण्डारण किया गया है। भण्डारित उर्वरक मे से अब तक 44579 मीट्रिक टन का वितरण किया गया है। वर्तमान में यूरिया की मांग ज्यादा है जिसे मांग अनुसार पूर्ति की जा रही है। डीएपी के विकल्प के रूप में आधा बोरी यूरिया, 3 बोरी एसएसपी एवं 20 किलोग्राम पोटाश का मिश्रण उपयोग करने किसानों क़ो सलाह दिया जा रहा है।

# शिक्षकों ने सभापति से की सौजन्य मुलाकात



**पलारी** । जनपद पंचायत पलारी की सभापति जामवंती नीलकमल साहू से क्षेत्र के शिक्षकों ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान शिक्षकों ने शैक्षणिक गतिविधियों, विद्यालयों की आवश्यकताओं और वर्तमान शिक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की। मुलाकात करने वालों में प्रमुख रूप से प्रधान पाठक देवकी ध्रुव, प्रधान पाठक किरण ठाकुर, संध्या पैकरा, सरस्वती वर्मा, कमलेश कुमार साहू, अभिषेक महोबे, श्रवण कुमार साहू, प्रकाश कुमार सेन, शिव कुमार वर्मा, देवेश कुमार साहू और प्यारेलाल ध्रुव शामिल रहे। शिक्षकों ने जनपद क्षेत्र में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने हेतु सुझाव दिए और विद्यार्थियों को बेहतर सुविधा व वातावरण उपलब्ध कराने की आवश्यकता जताई। सभापति साहू ने शिक्षकों के सुझावों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज का मजबूत आधार है और इसके लिए हर संभव सहयोग किया जाएगा।

# खाद्य विभाग ने त्योहारों से पहले की खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच

**बलौदाबाजार/भाटापारा।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर त्यौहारी सीजन में मिठाईयों एवं अन्य खाद्य पदार्थों क़ी गुणवत्ता सुनिश्चित करने खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा जांच अ भि या न चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को भाटापारा के कई दुकानों में खाद्य पदार्थों की जांच की गई।

- अनहाईजिनिक फ़ूड हैंडलिंग पर 4 दुकानों को नोटिस जारी
- 51 नमूनों की होगी जांच, 2 अवमानक मिलने पर तत्काल कार्रवाई



खाद्य सुरक्षा अधिकारी उमेश वर्मा एवं टीम द्वारा भाटापारा के कुल 10 होटल, रेस्टोरेंट एवं मिठाई दुकानों का निरीक्षण किया गया। 4 संस्थानों में साफ -सफाई की कमी एवं हाइजिनिक तौर पर फूड हैंडलिंग नहीं पाए जाने पर नोटिस जारी करते हुए 5 दिवस के भीतर सुधार के निर्देश दिए। इसके साथ ही चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से कुल 51 प्रकार के खाद्य पदार्थ एवं मिठाइयों की जांच की गई जिसमें से 49 मानक एवं 2अवमानक रिपोर्ट प्राप्त हुए।

अवमानक बालूशाही एवं गुलगुला भजिया को मौके पर नष्ट कराया गया।

**डीईओ जेआर डहरिया ने किया टॉपर्स को सम्मानित, बेहतर शिक्षा के लिए विद्यालय प्रबंधन को शुभकामनाएं**

# भटगांव पब्लिक स्कूल में प्राइज सेरेमनी, 200 छात्रों व 25 शिक्षकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

नगर पंचायत भटगांव के लोटस पब्लिक स्कूल मे पिछले परीक्षा प्राइज सेरेमनी अर्थात इनाम वितरण कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जहाँ इनाम वितरण कार्यक्रम में लगभग 200 प्रतिभावान बच्चे एवं 25 मेहनतकश कर्मठ शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला शिक्षा अधिकारी जे आर डहरिया द्वारा प्रतिभावान बच्चों एवं कर्मठ शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए बच्चों को बेहतर शिक्षा मुहैया कराने विद्यालय प्रबंधन को शुभकामनाएं दिए साथ ही साथ उन्होंने पधारे समस्त पालकों को शुभकामनाएं दिए।



उल्लेखनीय है कि विद्यालय 2014 से नगर पंचायत भटगांव में संचालित है, और प्रतिभावान विद्यार्थियों एवं कर्मठ शिक्षकों को प्रत्येक वर्ष सम्मानित किया जाता है और इसी कड़ी में यह कार्यक्रम आयोजित कराया गया था।

उक्त कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बोर्ड परीक्षा मे 3 होनहार बच्चे साहिल नीलकमल, तनुज देवांगन, जायेश साहू जिले टॉपर को सम्मानित किया गया और अन्य क्लास के टॉपर बच्चों को अतिथियों के कर कमलों से मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया । जहाँ क्लास 1 से 12 वीं तक के सभी टॉपर बच्चे एवं उनके पालक उपस्थित रहे, वहीं बच्चों ने स्कूल के अनुभव और कैसे सफलता हासिल की इनका अनुभव शेयर किया तथा कुछ पालको ने भी स्कूल के स्टॉफ व स्कूल के एक्टिविटी के बारे मे जानकारी साझा की ।

### समस्त अतिथियों को किया सम्मानित

कार्यक्रम मे अतिथि के रूप मे डीईओ जे आर डहरिया, बीईओ सत्यनारायण साहू, सीएमओ भूपेश सिंह, टीआई भटगांव, नगर उपाध्यक्ष प्रदीप देवांगन एवं सीएससी विजय साहू, गिरजा शंकर धिवर उपस्थित रहे । वहीं संस्थान के संचालक लक्ष्मी साहू ने सम्मानित हुए समस्त शिक्षकों, बच्चों एवं उनके पालक को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें किये और कार्यक्रम में पधारे समस्त अतिथियों को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल संचालक प्रिंसीपल लक्ष्मी साहू के साथ-साथ, उप प्राचार्य किरण साहू, विक्की यादव, अंशु मतवाले एवं समस्त स्टॉफ का विशेष योगदान रहा।

समक्षः-श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय नवागढ़, जिला बेमेतरा (छ.ग.)

:: शपथ पत्र ::

मैं शपथकर्ता भोलाराम सेन उम्र 50 वर्ष, पिता धुरसिंग सेन जाति नाई, निवासी ग्राम लिमतरा, पोस्ट बिश्रामपुर तहसील सिमगा, जिला-बलौदा बाजार (छ.ग.) निम्न कथन शपथपूर्वक करता हूँ :-

1) यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्त अनुसार है।
2) यह कि मैं स्वयं एवं अपने परिवार के सदस्यों के सहमति से मेरा पूर्व का नाम चोवाराम सेन पिता धुरसिंग सेन के स्थान पर नया नाम भोलाराम सेन पिता धुरसिंग सेन कराना चाहता हूँ ।
3) यह कि शपथकर्ता आधार कार्ड परिवार रजिस्टर व अन्य दस्तावेजो में अपना नाम भोलाराम सेन पिता धुरसिंग सेन दर्ज कराना चाहता है।
4) यह कि शपथकर्ता को चोवाराम सेन के स्थान पर भोलाराम सेन आधार कार्ड का परिवार रजिस्टर निवास वोटर कार्ड में दर्ज कर उक्त नाम से जारी किया जाना न्याय हित में आवश्यक है।
5) यहs कि शपथ पत्र उक्त कथन के समर्थन मे निष्पादित कर रहा हूँ।

शपथकर्ता

-: सत्यापन :-

मैं शपथकर्ता भोलाराम सेन उम्र 50 वर्ष, पिता धुरसिंग सेन जाति नाई, सत्यापित करता हूँ कि ऊपर विर्णत कंडिका 1 से 5 तक जानकारी सत्य एवं सही है। गलत पाये जाने पर मै स्वयं जिम्मेदार रहुँगा।

दिनांकः- 28.07.2025

भोलाराम सेन, सत्यापनकर्ता

# सेवानिवृत्त कर्मियों के सम्मान समारोह में संघ ने उठाई 300 दिन अर्जित अवकाश की मांग

## प्रांताध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने भरी हुंकार, 22 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ भाटापाराके तत्वावधान में संघ के सेवानिवृत सदस्यों का विदाई के साथ सम्मान समारोह सुभाष बाजार स्थित पेंशनर भवन में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रांत अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी रायपुर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जनाब फारुख कादरी जिला अध्यक्ष रायपुर ने की एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रांतीय सचिव आयुष सिंह साथ में मुक्तेश्वर देवांगन तथा तिलक यादव रायपुर उपस्थित रहे मुख्य अतिथि चंद्रशेखर तिवारी ने 2025 में सेवा निवृत कर्मचारी परमानंद कश्यप, अशोक कुमार यदु ,सुरेश कुमार यदु, अरुण लता यदु ,जगदीश यादव ,हेमलाल वर्मा, राजेश्वरी वर्मा, संतोष कन्नौजे एवं संघ के प्रति समर्पित सदस्यों प्रकाश जाधव ,रघुनाथ प्रसाद पटेल, राधेश्याम नायक ,डॉ वीणा साहू ,रमेश कुमार वर्मा, संतोष वैष्णव, दीपक मिश्रा, सुचिन वर्मा का श्रीफल साल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर अन्य अतिथियों के साथ सम्मानित किया। तत्पश्चात अतिथियों का संघ के पदाधिकारी द्वारा श्रीफल साल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इसके पूर्व तहसील अध्यक्ष हेमलाल वर्मा ने स्वागत भाषण के द्वारा तहसील शाखा की गतिविधियों के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला।



### जायज मांगों को मनवाने के लिए शासन को बाध्य कर देंगे

इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों में से आजूराम वर्मा ,रघुनाथ पटेल, डॉ वीणा साहू, आसाराम अनंत ,जीपी वर्मा ,अशोक पंत ,दिलीप सिंह बिसेन, अशोक यदु एवं दीपक मिश्रा के द्वारा कविताओं, गीतों विचारों की अभिव्यक्ति दी गई। मुख्य अतिथि की आसंदी से प्रांत अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने वक्तव्य से उपस्थित सदस्यों में जोश का संचार कर दिया। उन्होंने आगे कहा कि हम कर्मचारी एवं पेंशनरों के हित में हमेशा शासन का ध्यान आकृष्ट करते रहेंगे एवं अपनी जायज मांगों को मनवाने के लिए शासन को बाध्य कर देंगे। 240 दिन के बदले 300 दिन का अर्जित अवकाश हम लेकर रहेंगे क्योंकि मध्य प्रदेश शासन में 300 दिन का अर्जित अवकाश दिया जा रहा है ।दोनों प्रदेशों में एक ही दल की सरकार है परंतु निर्णय में भिन्नता हमें स्वीकार्य नहीं है। इस अवसर पर परेटन लाल साहू ,कृष्ण कुमार वर्मा, एच एल महिपाल, गणपत वर्मा, अभिषेक वर्मा के साथ बड़ी संख्या में पेंशनर एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे ।

## खबर संक्षेप

### जिले के 6 जलाशय में शतप्रतिशत हुआ जलभराव

**बलौदाबाजार** । जिले में हो रही बारिश से अब तक मध्यम परियोजना अंतर्गत 6 जलाशयो में शतप्रतिशत जल भराव पूर्ण हो गया है वहीं 13 जलाशयों में 50 प्रतिशत से अधिक जल भराव हुआ है। जल संसाधन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बैजनाथ जलाशय, बलौदा जलाशय, खैरा दतान जलाशय, लवन जलाशय, बालसमुंद जलाशय एवं कुकदा जलाशय में 100 प्रतिशत जल भराव है। साबर जलाशय, कुकुरदी जलाशय, कारी जलाशय, हरिनभट्ठा जलाशय, पत्थरचुंवा जलाशय, खैरी जलाशय, खम्हरिया जलाशय, चरौदा जलाशय, टीथीडीह जलाशय, हिरमी जलाशय, बिटकुली जलाशय, देवरीडीह जलाशय एवं झिरिया जलाशय में 50 प्रतिशत से अधिक जल भराव है। बलार जलाशय 30 प्रतिशत, टुण्डरा जलाशय 0 प्रतिशत, कसडोल जलाशय 36, हटौद जलाशय 13, बम्हनी जलाशय 48, गोलाझर जलाशय 16, अमरूवा जलाशय 31 एवं मखुरहा जलाशय 10 प्रतिशत, छेरकापुर जलाशय 46, तेलासी जलाशय 27, बोईरडीह जलाशय 48, भरतपुर जलाशय 21 प्रतिशत, तिल्दा बांधा जलाशय 30, करही जलाशय 47, दुलदुला 37, कामता जलाशय 49 एवं घुघवा जलाशय में 40 प्रतिशत जल भराव हुआ है।

### जंगल में मिला अज्ञात शव, जांच में जुटी पुलिस



गिधौरी । गिरौदपुरी से महकोनी मार्ग सड़क से लगभग 400 मीटर की दूरी पर सोमवार को जंगल की ओर पेड़ के नीचे 40 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है ग्रामीणों ने घटना की जानकारी गिरौदपुरी पुलिस चौकी को दिया गया । जिस पर पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच कर शव की जांच पड़ताल की जहां उस व्यक्ति का पहचान नहीं हो पाया । शव कई दिन पुराना होने पर और सड़ा गला होने पर पहचान करना भी मुश्किल हो रहा था मृतक का एक पैर एवं एक हाथ का मांस नहीं थे पुलिस ने शव का पंचनामा कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पेड़ पर कपड़े बरामद किया गया है और शव की शिनाख्त नहीं हो पाया है। पुलिस ने मामले दर्ज कर जांच में जुटी हुई है तथा अज्ञात व्यक्ति के बारे में पतासाजी किया जा रहा है ।

### निधन

**बसावन साहू**



**सिमगा** । नयापारा सिमगा के वार्ड नंबर 10 के प्रतिष्ठित नागरिक एवं रामलीला मंडली के अध्यक्ष बसावन साहू का आकस्मिक निधन हो गया है जिनकी अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वह पूर्व पार्षद पुरुषोत्तम साहू के छोटे भाई व किशन, मुकेश, कल्याणी साहू के पिता थे।

**जिले में अब तक 462 मिमी औसत वर्षा दर्जः** धमतरी। जिले में एक जून से अब तक 462.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से मिली जानकारी के मुताबिक जिले में अब तक सर्वाधिक औसत वर्षा 599 मिमी कुकरेल तहसील और सबसे कम 273.7 मिमी औसत वर्षा मगरलोड तहसील में दर्ज की गई है। इसी तरह धमतरी तहसील में 593.9 मिमी, नगरी में 468.1 मिमी, औसत वर्षा दर्ज की गई।

## परेशानी : अतिरिक्त काउंटर और समय बढ़ाने की मांग

# मुख्य डाकघर की व्यवस्था चरमराई, रक्षाबंधन पर भी एकमात्र काउंटर से लोग परेशान

### घंटों इंतजार के बाद मायूस लौट रहे नागरिक, न्यायलयीन कार्य भी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



रक्षाबंधन जैसे भावनात्मक पर्व पर जहां पूरे देश में परिवहन और व्यापारिक सेवाएं तेज कर दी जाती हैं, वहीं बलौदाबाजार जिले के एकमात्र मुख्य डाकघर की धीमी कार्यप्रणाली लोगों की बड़ी परेशानी बन गई है। जिले के मुख्यालय स्थित इस डाकघर में रोजाना सैकड़ों लोग पत्र, दस्तावेज़ और पार्सल भेजने पहुंचते हैं, परंतु मात्र एक काउंटर और दोपहर 3 बजे तक सीमित समय के कारण अधिकांश लोग मायूस होकर लौट जाते हैं। विशेषकर राखी भेजने आई बहनों के साथ-साथ नौकरी संबंधी आवेदन, न्यायालयीन दस्तावेज़ और विभागीय पत्राचार से जुड़े लोग अधिक परेशान हैं।

जानकारी के अनुसार कई बार न्यायालय संबंधित दस्तावेज़, जैसे जमानत आदेश या विधिक नोटिस, समय पर संबंधित पक्ष तक नहीं पहुंच पाते, जिससे संवैधानिक अधिकारों के प्रभावित होने की स्थिति बन रही है। जिले के इस प्रमुख डाकघर से जिला न्यायालय, कलेक्टर कार्यालय और अन्य महत्वपूर्ण संस्थानों का पत्र व्यवहार भी संचालित होता है, बावजूद इसके वर्षों से यहां अतिरिक्त काउंटर या विशेष व्यवस्था नहीं की गई। वर्षों पूर्व जिला न्यायालय परिसर व कलेक्टर कार्यालय के पास अलग डाकघर खोलने की योजना बनाई गई थी, परंतु अब तक यह केवल फाइलों तक ही सीमित है। त्यौहार के समय जब अतिरिक्त ट्रेनें और बसें चलाई जाती हैं, तो डाक विभाग अभी भी पुराने ढर्रे पर क्यों काम कर रहा है, यह सवाल आम नागरिक पूछ रहे हैं।

### अतिरिक्त काउंटर खोले जाने की मांग

नागरिकों की मांग है कि रक्षाबंधन और अन्य आगामी त्यौहारों को देखते हुए डाकघर में अस्थायी अतिरिक्त काउंटर खोले जाएं, समय सीमा बढ़ाई जाए और डिजिटल सेवाओं को सुलभ बनाया जाए। साथ ही न्यायालय व कलेक्टर कार्यालय के लिए अलग डाकघर शीघ्र स्थापित किया जाए, जिससे आमजन और प्रशासनिक दोनों कार्य समय पर संपन्न हो सकें।

# भाटापारा में 'रैम्प' योजना के तहत हुआ उद्योग व बैंकर्स कनेक्ट कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के सहयोग से रैम्प योजना अंतर्गत अंतर्गत भाटापारा में उद्योग एवं बैंकर्स कनेक्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ अग्रणी बैंक अधिकारी के प्रतिनिधि अनुपम कुमार सिंह, मुख्यप्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक कृषि शाखा व शसुबोध कुमार सिंह मुख्य प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक शाखा भाटापारा के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

इस कार्यक्रम में जिले के दर्जनों सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों कई योजना के हितग्राहियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में जिले के प्रमुख बैंक प्रतिनिधियों ने उद्यमियों को विभिन्न वित्तीय योजनाओं, ऋण सुविधाओं, मुद्रा योजना की जानकारी दी। उपस्थित उद्यमियों ने अपने व्यापार से जुड़ी समस्याओं को साझा किया, जिन पर बैंक अधिकारियों ने समाधान और मार्गदर्शन प्रदान किया।

मौके पर ही यूको बैंक शाखा रोहरा द्वारा स्वीकृत ऋण दिया एसएचजी को 1.50 लाख और पार्वती स्व सहायता समूह को आचार, बडी, पापड़ के विनिर्माण के लिये रू. 4 लाख का ऋण स्वीकृति पत्र प्रदाय किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग गुणेश्वरी साहू, अग्रणी जिला प्रबंधक के प्रतिनिधि, विभागों के अधिकारी, बैंकों के प्रतिनिधि, औद्योगिक संगठन एवं स्थानीय उद्यमी व स्व-सहायता समूह उपस्थित रहे ।

# जैविक खेती से आदिवासियों की आजीविका को मिला संबल



**गिधौरी।** कल्प समाज सेवी संस्था द्वारा आदिवासी आजीविका को सशक्त करने वनग्राम अर्जुनी म , खोसडा सोनाखान, भिंभोरी पंचायत में ऐसे परिवार जो काफी गरीब हैं तथा जिनकी मुख्य आजीविका खेती पर ही निर्भर है वैसे किसानों को मुख्य रूप से रासायनिक खेती करते है जिससे अत्यधिक खर्च होता है जिससे गरीब परिवार का आमदनी कम और खर्च अधिक होता है जिससे उनकी स्थिति निम्न होती जाती है ऐसे में रासायनिक खेती से जैविक खेती करने के लिए प्रशिक्षण तथा जागरूकता किया जा रहा है। निम्न गरीब परिवारों को संस्था द्वारा मुर्गी के बच्चे, मुर्गी सेड के लिए जाली, दाना भी वितरण किया जा रहा है। साथ ही संस्था के कार्यकर्ताओं द्वारा मुर्गी का फलों, तथा टीकाकरण किया जाता है जिससे मौसमी तथा अन्य बीमारियों से मुर्गी के बच्चों को बचाया जा सके जिसमें गोरेलाल, हरिशंकर, नंदकुमार, दीपक, दिगंबर, छोटू, अजय, सतीश, जैसे कुशल कार्यकर्ता है, अभिषेक, कविता, महेन्द्र जैसे कुशल और अनुभवी है जो कार्यकर्ताओं और किसानों को विजित तथा प्रशिक्षण के माध्यम से संबंधित जानकारी का साझा करते हैं।

### देसी धान और पर्यावरण संरक्षण पर जोर

किसानों को घर में ही श्री विधि लाइन विधि से खेती करने, बीज का चयन करना, बीज उपचार, बीज बैंक, बीज का संरक्षण हेतु प्रशिक्षण भी दिया गया है और किसानों को जैविक खाद व दवाई का निर्माण तथा उपयोग की विधि के बारे में भी बताया जा रहा है, साथ ही संस्था के कार्यकर्ताओं द्वारा किसानों को धान लगाने से लेकर कटाई तक नियमित रूप से रोजाना फॉलो किया जाता है। साथ ही साथ मिश्रित खेती के लिए भी किसानों को संस्था द्वारा बीज उड़द, मूंग, हल्दी, कोचई, अरहर आदि बीज सहयोग किया गया है तथा लगाने के लिए प्रोत्साहन किया जा रहा है। साथ ही इस बार संस्था द्वारा देशी धान लगाने के लिए किसानों को विशेष प्रोत्साहन किया गया है और अनेक प्रकार के देशी धान बीज सहयोग किए है किसानों का खर्च में कमी करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे हमारे पर्यावरण, मिट्टी, तथा स्वास्थ्य को भी सुरक्षा मिलेगा।

# सोलर पार्क से लाखों की चोरी का खुलासा, 8 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा



सिमगा थाना क्षेत्र के चौरेंगा गांव स्थित दो अलग-अलग सोलर पार्कों से लाखों रुपये की केबल, सोलर पैनल और अन्य उपकरण चोरी करने वाले 8 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इनमें 3 अपचारी बालक भी शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों से 4.62 लाख का चोरी का सामान शत-प्रतिशत बरामद कर लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पहला प्रकरण में प्रार्थी दुर्गेश कुमार निवासी ग्राम जोरहाडबरी जिला कोरबा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि वह वेरिएंट सोलर पार्क ग्राम चौरेंगा में प्रोजेक्ट मैनेजर के पद पर कार्यरत है। 22 से 23 जुलाई की सुबह 06:30 के मध्य अज्ञात आरोपियों द्वारा सोलर पार्क में पावर सप्लाई हेतु बिछाए गए डीसी केबल वायर, 04 कोर अल्युमिनियम केबल वायर, 05 नग सोलर पैनल एवं 03 नग लोहे का एंगल कुल कीमती 2,88,000 को पार्क के फैनशिंग तार को काटकर रास्ता बनाकर चोरी कर ले गए हैं कि रिपोर्ट पर थाना सिमगा में अपराध कायम कर धारा 331(4), 305 ए बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

वहीं दूसरा प्रकरण में प्रार्थी लक्ष्मण प्रसाद शुक्ला निवासी गुढ़ियारी जिला रायपुर द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि वह सौर ऊर्जा कृष्णा पावर एंड स्ट्रीथ्थ ग्राम चौरेंगा में इंचार्ज के पद पर कार्यरत है। कि 24 जुलाई से रात्रि से 25 जुलाई की रात्रि 03:00 बजे के मध्य प्लांट से 150 मीटर इनवर्टर केबल एवं कॉपर का अर्थ प्लेट 21 किलोग्राम कुल कीमती 1,74,000 को बाउंड्री वाल को तोड़कर प्लांट के अंदर प्रवेश कर किसी अज्ञात आरोपियों द्वारा चोरी करें । कि रिपोर्ट पर थाना सिमगा में अपराध पंजीबध्द कर धारा 331(4),305 ए बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### 4.62 लाख का माल बरामद

उपरोक्त प्रकरणों में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में थाना सिमगा पुलिस द्वारा त्वरित जांच विवेचना एवं अज्ञात आरोपियों के संबंध में पतासाजी करते हुए आरोपी जिनमें सुनील सांवरा उम्र 23 वर्ष निवासी सांवरा पारा हथबंद थाना हथबंद, अजय उर्फ मनी सांवरा उम्र 19 वर्ष साकिन सांवरा पारा हथबंद थाना हथबंद, कार्तिक सांवरा उम्र 18 वर्ष साकिन सांवरा पारा हथबंद थाना हथबंद, सन्नी सांवरा उम्र 19 वर्ष साकिन सांवरा पारा हथबंद थाना हथबंद, विष्णु सांवरा उम्र 19 वर्ष साकिन सांवरा पारा हथबंद थाना हथबंद, 3 अपचारी बालक नफर को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा उक्त दोनों संयंत्रों में रात के अंधेरे में चोरी करना स्वीकार किया गया। आरोपियों से कुल केबल वायर, प्लास्टिक पाईप, सोलर प्लेट, लोहे का एंगल कॉपर अर्थ प्लेट कुल कीमती 4,62,000 का सामान बरामद किया गया है। इस प्रकार पुलिस को दोनों प्रकरणों में आरोपियों से शत प्रतिशत सामान बरामद करने में सफलता मिली है। साथ ही आरोपियों से घटना में उपयोग किये पेचिंस, पेचकस, आरी ब्लेड तथा 04 नग मोटर सायकल को जप्त किया गया। प्रकरण में सभी आरोपियों को आज न्यायालय में पेश किया गया जहां आरोपियों को जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है ।

### जिले में अब तक 536.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**बलौदाबाजार** । जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून से 28 जुलाई 2025 तक 536.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक वर्षा तहसील सुहेला में 694 मिमी. एवं सबसे कम वर्षा कसडोल तहसील में 423.1 मिलीमीटर हुई है। भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार तहसील टुण्डरा 605.1 मिमी, पलारी में 592.6 मिमी, सोनाखान 531.60 मिमी, भाटापारा 526.7 मिमी, बलौदाबाजार 490.2 मिमी, लवन 487.2 मिमी. एवं सिमगा 477.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। इस तरह कुल 4828.3 मिमी अभी तक दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 536.5 मिमी है। 28 जुलाई 2025 को 2 मिलीमीटर दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 0.2 मि.मी.है। तहसीलवार में टुण्डरा 1.5 मिमी, सुहेला 0.5 मिमी, सोनाखान, भाटापारा, बलौदाबाजार, पलारी, कसडोल, लवन एवं सिमगा में शून्य मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है।

# शाश्वत स्कूल के बच्चों ने सैनिकों के लिए भेजी राखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



शाश्वत स्कूल के बच्चों ने रक्षाबंधन के अवसर पर देश के सैनिकों के लिए राखी बनाकर डी ई ओ एवं बी ई ओ सर को सौंपे। इस पहल के माध्यम से, बच्चों ने सैनिकों के प्रति अपनी कृतज्ञता और सम्मान व्यक्त किया। बच्चों ने राखी बनाने के लिए विभिन्न रंगों और डिजाइनों का उपयोग किया। डी ई ओ एवं बी ई ओ सर ने बच्चों की इस पहल की सराहना की और कहा कि यह बच्चों की देशभक्ति और सैनिकों के प्रति सम्मान को दर्शाता है। इस पहल का उद्देश्य सैनिकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करना है, जो देश की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित करते हैं। बच्चों ने इस अवसर पर सैनिकों के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त की और उन्हें राखी भेजने का निर्णय लिया।

## ठेकेदार पर लगा गंभीर अनियमितताओं का आरोप

# 'जल जीवन मिशन' पर भ्रष्टाचार का ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोपालपुर



केन्द्र सरकार सभी देशवासियों को शुद्ध पेय जल के व्यवस्था से घर-घर में नल कनेक्शन पहुंचाने के लिए जल जीवन योजना बनाया जो सराहनीय एवं स्वागत योग्य है। जो गरीब परिवारों के लिए संजीवनी का काम कर रहा है। उक्त कार्य को आज पर्यन्त तक कोई सरकार सोचा नहीं था। इस योजना के लिए केन्द्र सरकार करोड़ों रुपये के बजट पास सदन में किए हैं। ताकि सभी लोगों को शुद्ध पेयजल मिल सके, लेकिन सरकार के सपना को ठेकेदारों ने चुर-चुर कर दिया जिसका उदाहरण जनपद पंचायत बिलाईगढ़ के आश्रित नवीन ग्राम पंचायत गोपालपुर में देखने को मिल रहा है।

गाँव मे जल जीवन मीशन योजना के तहत करोड़ों रुपये के कार्य स्वीकृति हुआ है। जिसको पालीवाल ठेका लिया है, सरकार के नियत तिथि में कार्य पूरा नहीं किया हालांकि गाँव मे जल जीवन मिशन के तहत घर-घर कनेक्शन पहुँच गया है।

नल चालू भी हो गया है, लेकिन अनेकों कार्य अधुरा पड़ा हुआ है, यहाँ, 210 कनेक्शन देना है, अभी तक, 190 कनेक्शन दिया गया है, 20 कनेक्शन शेष बचा है। यहाँ क्लोरीन नेटर मशीन नहीं लगाया लगा, स्वीचरुम का निर्माण नहीं किया गया है। गली के कांक्रीटीकरण तोड़ कर पाईप बिछाया गया है, उनको सीमेंट से काम चलाऊ बंद किया था। जो पूर्ण रूप से उखड़ गया है। जो पैदल चलना मुश्किल हो गया है। उक्त कार्य में अनेकों बोरी सीमेंट को बेच दी गई है। ठेकेदार या उसके आदमी सरकार के राशि को दुरूपयोग कर व्यक्तिगत स्वार्थ पूरा किया गया है। जिसके भुगतना को भोले-भाले ग्रामीण भुगत रहे है। और सरकार के राशि कागजो मे खर्च हो गया है। क्षेत्र के ग्राम पंचायत खम्हरिया मे पानी टंकी निर्माण हो गया है लेकिन उसमें पानी लीकेज हो रहा है। बोर खुदाई नहीं हुआ है, पानी सप्लाई चालू नहीं हुआ है। क्लोरीन नेटर मशीन नहीं लगा है 444 कनेक्शन देना है, 300 कनेक्शन दिया जा चुका है, 144 शेष बचा हुआ है। ज्ञात हो कि शासन प्रशासन के सतर्कता से ठेकेदार के अधुरा कार्य पकड़ में आ गया नहीं तो शेष बचा कार्य को ठोक पीट कर रफू-चक्कर होने की तैयारी में था। अतः ग्रामीणों ने सभी अधुरा कार्य को पूर्ण करवाने की मांग शासन प्रशासन से की है।




